बना रखी थी वेबसाइट, रजिस्ट्रेशन के लिए वसूली जाती थी मोटी फीस

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। देशभर के सैकड़ों लोगों को जिगोलो और फ्रेंडशिप क्लब ज्वाइन कराने के नाम पर ठगी करने वाले एक युवक को पश्चिम जिला साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है।

बुधवार रात को पकड़े गए आरोपी की पहचान अंकित कुमार (20) के रूप में हुई है। वह महज 12वीं पास है। उसने जालसाजी के लिए www.gigolojobindia01.com नामक वेबसाइट बनाई थी। वेबसाइट पर जिगोलो और फ्रेंडशिप क्लब ज्वाइन कराने के नाम पर पेटीएम व बैंक खातों में ऑनलाइन पैसे जमा कराने को कहा जाता था। पैसे ट्रांसफर होने बाद वह पीड़ितों के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर देता था। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन मोबाइल फोन, चार सिमकार्ड, एक लैपटॉप व अलग-अलग खातों में जमा 23 लाख रुपये बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त दीपक पुरोहित ने बताया कि उत्तम नगर निवासी युवक ने जिगोलो क्लब ज्वाइन कराने के नाम पर ठगी की शिकायत जनकपुरी थाने में दी थी। स्थानीय पुलिस के साथ ही जिले की साइबर सेल ने भी मामले की जांच शुरू कर दी।

इंस्पेक्टर अरुण कुमार चौहान व अन्य की टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से बुधवार रात आरोपी को उत्तम नगर इलाके से दबोच लिया। आरोपी ने मूलरूप से बिहार के खगड़िया जिले का रहने वाला है। कई वर्ष पहले वह दिल्ली आया था। यहां आने के बाद उसने ठगी का धंधा शुरू किया। पूछताछ में पता चला कि जिगोलो जॉब इंडिया के नामक वेबसाइट बनाकर कुछ ही समय में सैकड़ों लोगों से ठगी की थी। पीड़ित वेबसाइट पर दिए गए नंबरों से संपर्क करते थे। आरोपी रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर उनसे रकम ऐंठ लेता था। बाद में किसी न किसी अन्य बहाने से रुपये ठगने के बाद आरोपी पीड़ित को ब्लॉक कर देता था।

पैसे ट्रांसफर कराने के बाद पीड़ितों का मोबाइल नंबर कर देता था ब्लॉक

23 लाख रुपये, 3 मोबाइल और 4 सिम कार्ड बरामद

सहयोगियों की तलाश में जुटी पुलिस

फिलहाल इस बात की जांच की जा रही है कि ठगी में आरोपी के साथ कौन कौन शामिल था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने किसी को पैसे देकर वेबसाइट बनवाई थी। जांच में यह बात सामने आई है कि ठगी के ज्यादातर मामलों में पीड़ित शिकायत दर्ज नहीं कराते थे। वह करीब डेढ़ वर्ष से वेबसाइट का संचालन कर रहा था।



पुलिस को निर्देश दिया कि वह 130 साल पुरानी बसंत नगर मस्जिद से 10 मीटर दूरी पर बेरिकेड लगाए ताकि श्रद्धालुओं को कोई बाधा न हो। हाईकोर्ट ने यह निर्देश राव तुला राम मार्ग पर स्थित मस्जिद के सचिव की याचिका पर दिया है। याची ने कहा था कि नवंबर 2019 से मस्जिद के प्रवेश द्वारा बेरिकेड लगाकर तीन पुलिस वाले तैनात हैं जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने जहां पुलिस को निर्देश दिया तो वहीं मस्जिद प्रशासन से भी कहा कि मस्जिद के बाहर बनी दुकान पर भीड़ और उससे वसंत विहार से निकलकर गुरुग्राम की ओर जाने वाले वाहनों को दिक्कत न हो। पुलिस ने सुनवाई के दौरान दावा किया था कि बेरिकेड से मस्जिद का प्रवेश द्वार बंद नहीं हो रहा है। यह वसंत विहार से गुरुग्राम की ओर जाने वाले वाहनों की जांच के लिए लगाया गया था। एजेंसी

पंजीकरण प्रक्रिया में देरी पर फटकार

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने कानूनी दस्तावेज के ऑनलाइन पंजीकरण के प्रति दिल्ली सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की। न्यायालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव से पूछा कि आखिर ऑनलाइन प्रक्रिया को अब तक पूरी तरह क्यों नहीं लागू किया गया? न्यायालय चाहता है कि दिल्ली सरकार इलेक्ट्रानिक प्रणाली की ओर बढ़े। हम नहीं चाहते कि जनता उप-पंजीयक कार्यालयों में जाए और कतारों में खड़ी हो। मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार का रवैया देखकर ऐसा प्रतीत होता है, जैसे हम वही करेंगे जो हम चाहेंगे। ब्यूरो

मुठभेड़ में दबोचा आरोपी

8 साल की बच्ची से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामदगी के लिए गई थी पुलिस

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कस्बे में किराये के मकान में रहने वाली आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को बुधवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामदगी के बाद दरोगा की पिस्टल छीनकर गोली चलाते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई।

एडिशनल डीसीपी सेंट्रल नोएडा अंकुर अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को बच्ची भाई के साथ घर की छत पर खेल रही थी। इसी दौरान वहां रबूपुरा के जौनचाना गांव निवासी सोनू वर्मा ने बच्ची को चॉकलेट का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोपी मकान में रहने वाले दोस्तों से मिलने आया था। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी की टीम ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया था। रात में पुलिस आरोपी को चाकू बरामदगी को ले गई थी। लौटते समय आरोपी ने दरोगा की पिस्टल छीन ली और गोली चलाते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंदी कर जवाबी कार्रवाई की। आरोपी पैर में गोली लगने से जमीन पर गिरा और पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

हालत बिगड़ी तो टैंपो से ले गई पुलिस

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को हुए आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में उपचार में लापरवाही बरतने के आरोप का मामला सामने आया है। पिता का आरोप है कि बच्ची की हालत बिगड़ने पर मदद मांगी गई तो पुलिस एंबुलेंस की जगह टैंपो से पीड़िता को अस्पताल ले गई। बच्ची को अस्पताल से दवा देकर भेज दिया गया। जबकि उसे इलाज की जरूरत थी। पिता ने एक पुलिसकर्मी पर भी अभद्रता करने का आरोप लगाया है।

पाठ्यक्रम पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने बोर्ड परीक्षाएं मई माह में कराने का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि कोरोना के कारण बोर्ड परीक्षाएं फरवरी मार्च की जगह मई में कराई जाएं जिससे बच्चों को तैयारी का अवसर मिल सके। उन्होंने यह सुझाव केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में आयोजित एनसीईआरटी की 57वीं आम परिषद की बैठक के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की शुरुआत होने के बाद कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं बंद कर दी जानी चाहिए। सरकार को बहुवर्षीय चरणवार कक्षाएं और प्रत्येक चरण के अंत में बाहरी मूल्यांकन शुरू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में प्रस्तावित चार स्टेज यानी 5-3-3-4 को सही मायने में लागू करना चाहिए। इसके तहत एक साल एक क्लास का सिस्टम खत्म करके बहुवर्षीय स्टेज सिस्टम लागू करना चाहिए। ब्यूरो

टोल मांगने पर कर्मी को किया अगवा

नई दिल्ली। गाजीपुर इलाके में निगम के टोल टैक्स गेट पर कार सवार लोगों से टोल मांगा गया तो वह भड़क गए। एक आरोपी खुद को गाजियाबाद के भोवापुर गांव का प्रधान बताकर मारपीट करने लगा। बाद में बदमाशों ने ब्रेजा कार से टोलकर्मी को अगवा कर लिया। आरोपी पीड़ित सोनू (25) को गाजियाबाद के भोवापुर ले गए। वहां बंधक बनाकर उसे बुरी तरह पीटा। पीड़ित किसी तरह भागकर दिल्ली पहुंचा। यहां उसने पटपड़गंज औद्योगिक थाने में मामले की शिकायत दी। पुलिस ने बुधवार को दबिश देकर कथित ग्राम प्रधान राम कुमार, रविंद्र और आकाश को गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को तीनों को कोर्ट में पेश किया गया। तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। ब्यूरो

आग से आरओबी के पिलर हुए क्षतिग्रस्त, ट्रैफिक रोका

नुकसान : नीलम पुल के नीचे कबाड़े में आग लगने से दो कारें भी जल गईं।

फरीदाबाद। नीलम चौक स्थित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के नीचे भरे कबाड़ में बृहस्पतिवार शाम आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग से ओवरब्रिज के चार पिलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ओवरब्रिज के नीचे खड़ी दो कारों का भी कुछ हिस्सा आग की चपेट में आने से जल गया। सात दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एहतियात के तौर पर ओवरब्रिज के ऊपर से वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई। हालांकि, रात 8 बजे अजरौंदा चौक से नीलम चौक की ओर का रास्ता खोल दिया गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। शहर के सबसे व्यस्ततम नीलम चौक स्थित आरओबी के नीचे आसपास के इलाके के लोग कबाड़ डाल देते हैं। यहीं पर कबाड़ की छंटाई करते हैं। ऐसे में आरओबी के नीचे कबाड़ का ढेर लगा है। शाम करीब चार बजे अचानक कबाड़ के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ब्यूरो

भा.कृ.अ.प.-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
शिमला-171001, हि.प्र. (भारत)

ICAR-Central Potato Research Institute (Indian Council of Agricultural Research)
Shimla-171001, H.P.

F.No.03-1/RC/Chem/2020-21/Stores/ Date: 22.10.2020

NOTICE INVITING E-TENDER

Director, ICAR-CPRI, Shimla invites Electronic Quotations under open tender enquiry from reputed firms/their authorized dealers for entering into Annual Rate contract for supply of Laboratory chemicals/ Glasswares/ Plasticwares/Misc consumables and related services at CPRI, Shimla & at its regional stations at Modipuram, Jalandhar, Patna, Gwalior, Ooty, Shillong & Kufri. Thebids duly signed & completed in all respect should be uploaded online at CPPP by the stipulated bid submission end time. Hardcopy of specifically required documents (as given in Annexure I) should also reach Administrative Officer, CPRI Shimla by the date & Time.

Tender documents may be downloaded from CPRI web site http://cpri.icar.gov.in (for reference only) and CPPP site https://eprocure.gov.in/eprocure/app as per theschedule as given in CRITICAL DATE SHEET as under:-

TENDER ID : 2020_DARE_592438_1

Bid submission End Date:- 19th November, 2020 (12:00PM)

Bid Opening Date:- 20th November, 2020 (02:00 PM)

Place of opening of Technical cover:- Chamber of Administrative officer

Address for communication:- Store & Purchase Section, ICAR-CPRI, Shimla-171001 (HP)

Asstt. Admn. Officer (Store)

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली-110001
फोन: 011-23411411, फैक्स: 011-23472550, सीआईएन: L74899DL1998PLC093073
ईमेल: investors@petronetlng.com, कम्पनी की वेबसाइट: www.petronetlng.com

सूचना

सेबी (सूचीयन, दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियमों, 2015 के प्रावधानों के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक, नई दिल्ली में **बुद्धवार, 04 नवम्बर 2020** को, अन्य बातों के साथ-साथ, 30 सितम्बर 2020 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा उन्हें स्वीकृत करने के लिए होगी।

पीएलएल की प्रतिभूतियों में आंतरिक ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए कोड (पीएलएल का कोड) और स्टॉक एक्सचेंजों द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 2 अप्रैल 2019 के अनुसरण में, पत्र दिनांक 22 जून, 2020 के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया गया था कि पीएलएल के कोड के अनुसार सभी इनसाइडर के लिए, पीएलएल की प्रतिभूतियों में लेन-देन हेतु, 30 सितम्बर 2020 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों पर विचार करने के कारण, ट्रेडिंग विन्डो 1 अक्टूबर 2020 से परिणामों की घोषणा होने और एक्सचेंजों के पास दर्ज कराने तथा सामान्य रूप से उपलब्ध कराने के 48 घण्टे पश्चात

नि:संतान दम्पतियों हेतु
जाँच एवं ईलाज का विश्वसनीय केन्द्र

INDIRA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE

फ्री कंसल्टेशन

मातृत्व के सुख से हो पहचान
आये अपनों के चेहरों पर मुस्कान

परामर्श हेतु कौन दम्पति सम्पर्क कर सकते हैं?

कम शुक्राणु • धीमी गतिशीलता
निल शुक्राणु • खराब गुणवत्ता

फेलोपियन ट्यूब बंद •अनियमित पिरियड •अण्डों में खराबी
गर्भाशय में रसोली •एन्ड्रोमेट्रियोसिस • एडिनोमायोसिस

7229955553

उपलब्ध सेवा - फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेझर हेचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • हिस्ट्रोस्कोपी • लेप्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज

इन्दिरा आई.वी.एफ. हॉस्पीटल प्राइवेट लिमिटेड

www.indiraivf.com | 92 Centres PAN India

पटेल नगर (दिल्ली) : 9 साउथ पटेल नगर, पटेल नगर मेट्रो स्टेशन के पास, मेट्रो पिलर नं. 203 के सामने, नई दिल्ली | लाजपत नगर (दिल्ली) : ब्लॉक बी/24, मेट्रो पिलर नं. -9 के सामने, बंधन बैंक के पास, लाजपत नगर, नई दिल्ली | रोहिणी (दिल्ली): D-11/145, , रोहिणी ईस्ट मेट्रो स्टेशन, पिलर नं. 391 के सामने, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली | द्वारका (दिल्ली) : बिबा शोरूम के ऊपर, पालम एक्सटेंशन, रामपाल चौक, ब्रह्मा अपार्टमेन्ट्स के पास, सेक्टर-7, द्वारका | तिलक नगर (दिल्ली) : मेट्रो पिलर नं. 502 के सामने, तिलक नगर